# कुमार जीवन - 38

**अव्यक्त बापदादा :-**

➳ _ ➳ कुमारों में सदा बापदादा की उम्मीदें हैं। कुमार विश्व को बदल सकते हैं। अगर सभी कुमार एक दृढ़ संकल्प वाले बन आगे बढ़ते चलें तो बहुत कमाल कर सकते हैं। कमाल करने वाले कुमार हो ना। देखना, बापदादा के पास आटोमेटिक फोटो निकल जाता है! दृढ़ संकल्प वाले कुमार हो ना। कुमारों में शारीरिक शक्ति भी बहुत है इसलिए डबल कार्य कर सकते हो। स्थापना के कार्य में बहुत अच्छे सहयोगी बन सकते हो। **कुमारों की बुद्धि में एक ही बात सदा रहती है ना कि - मेरा बाबा और मेरी सेवा और कोई बात नहीं। जिनकी बुद्धि में सदा बाबा और सेवा है वह सहज ही मायाजीत बन जाते हैं।**

➳ _ ➳ **सिर्फ कुमारों को एक बात अटेन्शन में रखनी है - सदा अपने को बिजी रखो, खाली नहीं। शरीर और बुद्धि दोनों से बिजी रहो।** बिजीमेन बनो, बिजनेसमेन नही। जैसे कर्म की दिनचर्या सेट करते हो ऐसे बुद्धि की भी दिनचर्या सेट करो। अभी यह सोचना है, यह करना है, दिनचर्या सेट होगी तो उसी प्रमाण बिजी हो जायेंगे। **बिजी रहने वाले को किसी भी रूप से माया वार नहीं कर सकती।** बुद्धि को बिजी करने के साधन सदा अपनाओ - जैसे शरीर को बिजी करने के साधन हैं, ऐसे बुद्धि से सदा याद में, नशे में बिजी रहो। ऐसी दिनचर्या बनाने आती है? **सदाकाल के लिए नियम बना दो। जैसे और नियम बने हैं, यह भी एक नियम बनाओ, बस करना ही है, इसी दृढ़ निश्चय से जो कमाल करने चाहो वह कर सकते हो। कुमार हैं - बापदादा के कर्त्तव्य के सितारे।**

➳ _ ➳ सेवा के निमित्त तो कुमार बनते हैं ना। भागदौड़ भी कुमार करते हैं। जो भी सेवायें होती हैं उसमें कुमारों का विशेष पार्ट होता है - तो विशेष पार्ट लेने वाली विशेष आत्मायें हैं, यह नशा रखो, इसी खुशी में रहो। तो देखेंगे कुमार ग्रुप क्या करके दिखाते हैं। कुछ करके दिखाना, सिर्फ कहकर नहीं। सेवा के उमंग उत्साह वाले हैं, निश्चय बुद्धि है। अचल हैं, हिलने वाले नहीं हैं। ऐसे ही अचल आत्मायें औरों को भी अचल बनाकर दिखाओ। **(11-05-1983)**

---

➢➢ दिनचर्या की सेटिंग

➳ _ ➳ सबसे पहले यह check करें की

→ हमारा समय वेस्ट कहाँ जा रहा है ?

▪ वेस्ट जा रहे टाइम को समर्थ समय में कैसे परिवर्तित करना है ?

→ हम किस किस समय खाली हैं ?

▪ उस खाली समय को किससे भरना है ?

---

➢➢ हमें स्वयं को बुधी से किस प्रकार से बिजी रखना है ?

➳ _ ➳ मुरली rewise करना

→ याद करना की बाबा ने मुरली में क्या क्या कहा ?

- इससे बुधी स्वतः ही एकाग्र हो जाती है

→ अगर आपने 24 घंटे के अन्दर किसी मुरली / क्लास को मन ही मन rewise नहीं किया तो

- वह बुधी से delete हो जाता है

→ Power Of Mind Is Like Rays Of The Sun…

- जितने ज्यादा वह Focussed होंगे… उतने ही ज्यादा शक्तिशाली होंगे…

➳ _ ➳ Books पड़ना

→ लिस्ट बनाओ की हमने अभी तक कौन कौन सी Books नहीं पडी हैं ?

→ लक्ष्य रखो की यह Book हमें इतने दिन में पूरी करनी है

→ इस संसार की जितनी भी महान आत्माएं हुए हैं … उन सभी आत्माओं को पड़ने का शोंक था

- हमें स्वयं को अध्यन्नशील बनाना है

➳ _ ➳ चिंतन के भिन्न भिन्न बिन्दुओं में स्वय को बिजी रखें

→ मन में… एकांत में बैठकर

→ लिखकर करना

➳ _ ➳ अपने पुराने सुन्दर अनुभवों में रमण करना

➳ _ ➳ क्लासेज सुनना

→ ऐसे सुनो की

- उस क्लास के विचार हमारे विचार बन जाएँ
- वो शब्द हमारे शब्द हो जाएँ
- वो भावनाएं हमारी भावनाएं हो जाएँ

→ कनरस नहीं … मनरस लेना है

➳ _ ➳ WorkOut… Jogging… Exercise… Weight Loss…

➳ _ ➳ सेवा में और पुरुषार्थ में **नवीनता** लाने की नयी नयी युक्तियाँ सोचो